ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 229

साइक्लोन दाना, ओडिशा में 288 राहत टीमें तैनात:6 हजार राहत शिविर बनाए, 10 लाख लोग शिफ्ट हो रहे; 348 ट्रेनें रद्द, 25 को टकराएगा



24 न्यूज अपडेट

प्रपुरी/कोलकाता. अंडमान सागर से उठा चक्रवाती तूफान 'दाना' बंगाल की खाड़ी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। इसका असर अभी से दिखने लगा है जिसकी वजह से कई राज्यों के तटीय इलाकों में बारिश के साथ मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार तूफान का सबसे ज्यादा असर ओडिशा पर पड़ेगा। करीब आधे राज्य में इसका बहुत ज्यादा प्रभाव देखने को मिलेगा। तूफान अभी 500 km दूर है, लेकिन 13 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

मौसम विभाग ने तूफान दाना के 24 अक्टूबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी में गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका जताई है। ये 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक कभी भी ओडिशा के पुरी जिले और पश्चिम बंगाल के सागर नाम के टापू (दक्षिण 24 परगना जिले में) के बीच टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 120 KMPH तक हो सकती है। तूफान से निपटने के लिए ओडिशा ने नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स (NDRF), ओडिशा डिजास्टर रिलीफ फोर्स (ODRF) और फायर ब्रिगेड की 288 टीमें तैनात की हैं। तूफान के गंभीर असर की आशंका वाले 14 जिलों के सभी स्कूल-कॉलेज की 25 तक छुट्टी की गई है। इन जिलों के 10 लाख लोगों को शिफ्ट किया जा रहा है। सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की गई हैं।

राज्य ने NDRF की अतिरिक्त टीमें भी मांगी हैं। इसके अलावा ओडिशा में 150 और बंगाल में 198 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। ओडिशा के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया- करीब 6 हजार राहत शिविर बनाए गए हैं। पुरी में 3 हजार से ज्यादा पर्यटकों को वापस घर भेजा गया है और होटल बुकिंग अगले चार दिनों तक रोक दी गई है। OPSC परीक्षा आगे बढ़ी, जानवरों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी तूफाम की वजहो से ओडिशा सिविल सेवा परीक्षा (OPSC), 2023 की प्रारंभिक परीक्षा आगे बढ़ा दी गई है। यह परीक्षा 27 अक्टूबर को होनी थी।

राज्य के मत्स्य पालन और पशु संसाधन विकास मंत्री गोकुलानंद मलिक ने तूफान के दौरान लोगों से आवारा जानवरों की मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर कोई आवारा जानवर घायल पाया जाता है, तो सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1962 पर कॉल किया जा सकता है।

बायजूस और BCCI के बीच समझौता नहीं होगा:सुप्रीम कोर्ट ने NCLAT का आदेश पलटा, इससे बायजूस पर दिवालिया कार्रवाई शुरू हो सकती है



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (NCLAT) के उस फैसले को पलट दिया है, जिसमें एड-टेक फर्म बायजूस और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के बीच 158 करोड़ रुपए के समझौते को मंजूरी दी गई थी।

बुधवार (23 अक्टूबर, 2024) को कोर्ट ने समझौते के लिए दी जाने वाली 158.9 करोड़ रुपए की राशि को बोर्ड ऑफ क्रेडिटर्स के पास जमा करने का भी आदेश दिया है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही थी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद क्या बदलेगा:

समझौते का 158.9 करोड़ रुपए कंपनी के क्रेडिटर्स के पास जमा करना होगा। बायजूस पर एक बार फिर दिवालिया कार्रवाई शुरू हो सकती है। बायजू रवींद्रन से फर्म का कंट्रोल छिन सकता है। क्रेडिटर्स के विरोध के बाद समझौते पर SC ने रोक लगाई थी इससे पहले 14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने बायजूस को झटका देते हुए NCLAT के समझौते की अनुमति वाले फैसले पर रोक लगा दी थी और समझौता राशि को अलग खाते में रखने का आदेश दिया था।\

बायजूस ग्रुप की कंपनी के कुछ लेंडर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले US बेस्ड ग्लास ट्रस्ट ने 7 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपील दायर की थी। इस अपील में ट्रिब्यूनल के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें बायजूस और BCCI को पेमेंट के मामले को सेटल करने की अनुमति दी गई थी। समझौते पर अमेरिका बेस्ड लेंडर्स ने सवाल उठाए थे...

लेंडर्स ने NCLAT से समझौते को स्वीकार नहीं करने के लिए कहा था। इनके वकील मुकुल रोहतगी ने इसे 'दागदार समझौता' कहा था। रोहतगी ने कहा था- भुगतान 'चोरी के पैसों' से किया जा रहा है। बायजू और रिजू ने साजिश रची और 500 मिलियन डॉलर चुराए। लेंडर्स ने कहा था यह हमारा पैसा है, जिसे इन लोगों ने निकाल लिया है।

विमान धमकियों के मामले में सरकार का X-मेटा से सवाल:खतरनाक अफवाहें रोकने के लिए आपने क्या किया, ये तो जुर्म को बढ़ावा देना हुआ



24 न्यूज अपडेट


नई दिल्ली. विमानों को बम धमकियों के मामले में बुधवार को आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। सरकार ने पूछा कि आपने इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए क्या किया। जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से इस मीटिंग के बारे में जानकारी दी गई है। पिछले 9 दिनों में ही 170 से ज्यादा विमानों को धमकियां दी गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, धमकियों के चलते एविएशन सेक्टर को करीब 600 करोड़ का नुकसान हो चुका है। देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को भी 50 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसमें एयर इंडिया और इंडिगो की 13-13 उड़ानों, अकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों और विस्तारा की 11 उड़ानों को धमकी मिली थी। धमकियों को लेकर केंद्र सरकार के 4 एक्शन एयर मार्शल की संख्या दोगुनी: केंद्र सरकार ने 16 अक्टूबर को फ्लाइट्स में एयर मार्शलों की संख्या दोगुनी करने का फैसला किया। इसी दिन गृह मंत्रालय ने फर्जी धमकियों को लेकर एविएशन मिनिस्ट्री से रिपोर्ट मांगी। CISF, NIA और IB को भी रिपोर्ट देने को कहा गया।

एयरलाइंस के CEOs के साथ बैठक: ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) ने 19 अक्टूबर को सभी एयरलाइंस के CEOs के साथ बैठक की। इसमें झूठी धमकियों से निपटने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही यात्रियों की असुविधा और एयरलाइंस के नुकसान पर भी बात हुई।

DGCA प्रमुख को हटाया: केंद्र ने 19 अक्टूबर को DGCA चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा गया। मुंबई और कोच्चि से 2 अरेस्ट: मुंबई पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया। दोनों ने इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी दी थी। वहीं, केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर सोमवार को एक यात्री को बम की धमकी देने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

जयपुर में बेचे जा रहे पुराने हॉलमार्क लगे गहने:भारतीय मानक ब्यूरो की छापेमारी में खुलासा, बड़े पैमाने पर अंगूठियां-बिछिया जब्त; कैसे करें पहचान- जानिए



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. जयपुर में पुराने हॉलमार्क लगे सोने के गहने बेचे जा रहे हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) की टीम की छापेमारी में इसका खुलासा हुआ है। मंगलवार को झोटवाड़ा के सहकार नगर स्थित मेसर्स श्री सालासर बालाजी हॉलमार्किंग सेंटर से पुराने हॉलमार्क लगे गहने बरामद किए गए हैं। इनमें सोने की अंगूठियां और बिछिया शामिल हैं।

कार्रवाई के बाद BIS राजस्थान की डायरेक्टर और प्रमुख कनिका कालिया ने बताया- दीपावली का त्योहार नजदीक है। ऐसे में लोग ज्यादा से ज्यादा सोने के आभूषण की खरीदारी करते हैं। जागरूकता के अभाव में BIS के हॉलमार्क की पहचान नहीं कर पाते। इससे कई बार उन्हें ठगी का शिकार होना पड़ता है।

त्योहार पर हमारी सतर्कता टीम लगातार एक्टिव रहती है। टीम को सूचना मिली थी कि मेसर्स श्री सालासर बालाजी हॉलमार्किंग सेंटर पर BIS के पुराने हॉलमार्क लगाए जा रहे हैं। मंगलवार की शाम करीब 4 बजे टीम ने इस सेंटर पर छापेमारी की। यहां से मिले गहनों पर पुराने हॉलमार्क लगे हुए थे। 2021 के बाद से बैन है पुराना हॉलमार्क पुराना हॉलमार्क 2021 के बाद से बैन कर दिया गया है। इसमें दुकानदार द्वारा कितने कैरेट का सोना दिया जा रहा है, इसकी कोई गारंटी नहीं है। यह भारतीय मानक ब्यूरो एक्ट 2016 की धारा 14 और 15 का उल्लंघन है। इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने पर एक साल की कैद या न्यूनतम 1 लाख जुर्माना हो सकता है।

सोने का कैरेट कम मिले तो ज्वेलर को दोगुने रुपए देने होंगे

बीआईएस राजस्थान की डायरेक्टर ने बताया- भारतीय मानक ब्यूरो गोल्ड की शुद्धता का प्रमाण देती है। इसके अंतर्गत ज्वेलर्स को बीआईएस की तरफ से लाइसेंस भी जारी किया जाता है। वर्तमान में जयपुर शहर में 2000 ज्वेलर्स लाइसेंस वाले हैं। ग्राहक बीआईएस सर्टिफाइड गोल्ड की खरीदारी करता है। उसे सोने के शुद्धता की गारंटी दी जाती है। अगर ग्राहक ने बीआईएस सर्टिफाइड ज्वेलर से गोल्ड खरीदा है, उसके पास किसी कैरेट का बिल है, जांच में गोल्ड कम कैरेट का मिलता है। ऐसी स्थिति में ज्वेलर ग्राहक को सोने के मूल्य का डबल पेमेंट करेगा। इसके लिए बिल अनिवार्य है। इसमें साफ-साफ लिखा होना चाहिए कि कितने कैरेट का सोना खरीदा है।

अमेरिका में मैकडॉनल्ड से बैक्टीरिया संक्रमण फैला, एक की मौत:हैम्बर्गर खाने से 49 लोग बीमार, 10 राज्य प्रभावित; मेन्यू से कटी प्याज-बीफ पैटीज हटाए



24 न्यूज अपडेट

अमेरिका में मैकडॉनल्ड बर्गर से बैक्टीरिया संक्रमण (ई कोली) फैला है। मैकडॉनल्ड्स के क्वार्टर पाउंडर हैम्बर्गर खाने से एक शख्स की मौत हो गई। 49 लोग बीमार हैं, जिनमें से 10 हॉस्पिटल में एडमिट हैं।

US सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (CDC) के मुताबिक, सितंबर के अंत में शुरू हुआ यह ई कोली वायरस अब तक 10 पश्चिमी राज्यों में फैल चुका हुआ है, जिसमें से ज्यादातर मामले कोलोराडो और नेब्रास्का में सामने आए।

बर्गर खाने से बीमार पड़ने की खबर सामने आने के बाद मैकडॉनल्ड ने क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर से कटी प्याज और बीफ पैटीज को हटा दिया है। फिलहाल जांच जारी है।

कंपनी बोली- जिन रेस्टोरेंट में शिकायत मिली, वहां बर्गर नहीं

मैकडॉनल्ड्स (अमेरिका) के अध्यक्ष जो एर्लिंगर ने एक वीडियो मैसेज में कहा, हमारी लिए खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। जिन इलाकों में बर्गर में शिकायत मिली है, वहां के रेस्टोरेंट से क्वार्टर पाउंडर हैम्बर्गर को अस्थायी रूप से हटाने का डिसीजन लिया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश राज्य प्रभावित नहीं हैं। कंपनी ने माना कि जिन रेस्टोरेंट में शिकायत मिली है, वहां एक ही कंपनी से प्याज सप्लाई हो रही थी।

संपादकीय : सहयोग की सरहद

जब भी दो देशों के बीच सीमा पर तनाव बना रहता है, तो स्वाभाविक रूप से उनका आर्थिक विकास प्रभावित होता है। इसलिए दुनिया भर में प्रयास किए जाते हैं कि पड़ोसी देशों के साथ तनाव का रिश्ता न रहे। मगर अक्सर वर्चस्ववादी नीतियों के चलते कुछ देशों में परस्पर टकराव बना रहता है। भारत और चीन के बीच भी लंबे समय से रिश्ते इसीलिए मधुर नहीं हो पाते कि चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की मर्यादा का पालन नहीं करता। वह अपनी विस्तारवादी नीति पर कायम है। 15 जून, 2020 को चीनी सैनिकों ने गलवान घाटी के भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण किया था। दोनों देशों के सैनिकों के बीच टकराव हुआ। उसके बाद चीन ने भारत के हिस्से वाले छह क्षेत्रों में अतिक्रमण कर लिया था । तबसे लगातार वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष की स्थिति बनी हुई थी। अच्छी बात है कि दोनों देशों के बीच अब अपने सैनिकों को वापस बुलाने और एलएसी पर 2020 से पहले की स्थिति बहाल करने पर सहमति बन गई है। सोमवार को भारत ने इसकी सूचना जारी की थी, अब चीन ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। चीन ने कहा है कि वह भारत के साथ मिल कर सीमा संबंधी विवाद का हल निकालने का प्रयास करेगा। यह अच्छी बात है कि गलवान में हुए सैन्य संघर्ष के बाद भी चीन बिना किसी हील-हुज्जत के हमेशा बातचीत की मेज पर बैठता रहा। तब से सैन्य अधिकारी स्तर की बीस से अधिक बैठकें हो चुकी हैं। इसके अलावा विदेश मंत्रियों के स्तर पर भी बातचीत के कई दौर हो चुके हैं। इन्हीं बैठकों और बातचीत का नतीजा है कि चीन ने भारत के छह में से चार क्षेत्रों देपसांग, गलवान, हाटस्प्रिंग और पैंगोंग से अपनी सेना हटा ली थी। मगर अभी भी दौलतबेग ओल्डी और डेमचोक में उसका कब्जा बना हुआ था। भारतीय सैनिक उन क्षेत्रों में गश्त करने नहीं जा सकते थे। ताजा समझौते के अनुसार उन दोनों क्षेत्रों को भी खोल दिया गया है। अब भारतीय सेना अपने तय क्षेत्रों में गश्त कर सकेगी। भारत ने इसे चीन का सकारात्मक रुख बताया है। दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए उनकी सेनाओं का परस्पर मेलजोल बढ़ना जरूरी है। इस तरह अगर भरोसा बढ़ेगा, तो निश्चय ही सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाना आसान होगा। हालांकि चीन के किसी भी रुख पर दावे के साथ कुछ कहना मुश्किल होता है । पूर्वी लद्दाख में उसके ताजा सकारात्मक रुख से निस्संदेह भारतीय सेना का तनाव काफी कम होगा, मगर चीन कब अपना रुख बदल ले, कहना मुश्किल है भारत के पड़ोसी देशों, पाकिस्तान है। और श्रीलंका में विकास परियोजनाओं के जरिए उसने अपनी मौजूदगी बढ़ाने में काफी हद तक कामयाबी हासिल कर ली है। समय-समय पर वह भारतीय हिस्से वाली जगहों को अपना बता कर उनका नाम बदलता और उन्हें अपने नक्शे में दिखाता रहा है। हिंद महासागर में वह अपनी मौजूदगी बनाए रखने और बढ़ाने का लगातार प्रयास करता देखा जाता है। इसलिए उचित ही भारत कोई बड़ा दावा करने से बच रहा है। मगर यह भारत की बड़ी कामयाबी कही जाएगी कि उसने बहुत सावधानी और संयम के साथ चीन को अतिक्रमण वाली जगहों से वापस लौटने को राजी कर लिया। अगर इसी तरह दोनों देश निरंतर और सकारात्मक रुख के साथ प्रयास करते रहें, तो सीमा विवाद को भी सुलझाने की उम्मीद जगती है ।

साइबर सुरक्षा

आम जनजीवन में बहुत सारे काम और सुविधाओं के मामले में इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता के समांतर इसके बहुस्तरीय जोखिम भी बढ़े हैं। अब इंटरनेट के जरिए किसी सुविधा का उपयोग करने वाला आम उपभोक्ता कब किस ठगी या गंभीर अपराध का शिकार हो जाए, कहा नहीं जा सकता। बैंक खातों के संचालन में बिना किसी वजह के अचानक पैदा की जाने वाली बाधाएं, उसमें जमा पैसों में होने वाली गड़बड़ियों से लेकर अन्य कई तरीके से लोगों के परेशान होने की खबरें आए दिन आती रहती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें किसी देश के सुरक्षा तंत्र को भी साइबर अपराधियों ने बुरी तरह बाधित कर दिया। हालत यह है कि बहुत सावधान और इंटरनेट के उपयोग को लेकर जागरूक रहने वाले लोगों को भी अक्सर इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में साइबर दुनिया के विस्तार के समांतर ही आम लोगों के हक में सुरक्षात्मक उपाय भी किए जाने जरूरी हैं। सही है कि सरकारें ऐसे उपाय करती हैं, लेकिन इंटरनेट के जरिए धोखाधड़ी या साइवर अरेस्ट" जैसे बढ़ते मामले बताते हैं कि इस संबंध में व्यापक स्तर पर एक सुरक्षा तंत्र खड़ा करने की जरूरत है। इंटरनेट के जरिए होने वाले अपराधों का स्वरूप चूंकि अंतरराष्ट्रीय है, इसलिए इसी स्तर पर सुरक्षात्मक उपाय भी किए जाने चाहिए। इस लिहाज से क्वाड में शामिल देशों अमेरिका, भारत, आस्ट्रेलिया और जापान द्वारा एक बार फिर साइबर चुनौती- 2024 को जारी रखने की घोषणा महत्त्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य साइबर परिवेशी तंत्र को मजबूत करना और साइबर सुरक्षा को लेकर लोगों को शिक्षित करने के साथ-साथ एक ताकतवर साइबर कार्यबल बनाना भी है। समूची दुनिया में साइबर तंत्र पर बढ़ती निर्भरता के दौर में इससे दूर रहना बेहद मुश्किल है। मगर इसके उपयोग को लेकर पर्याप्त स्तर तक जागरूकता पैदा नहीं हो सकी है। इसलिए क्वाड देशों ने अगर साइबर सुरक्षा के प्रति अपना सरोकार जाहिर किया है, तो यह अच्छा है। जरूरत है कि साइबर दुनिया में एक ऐसा तंत्र बनाया जाए, जिसमें आम लोग इंटरनेट का उपयोग करते हुए पूरी तरह सुरक्षित महसूस करें।

द ग्रेट एस्केप : पिंजरा तोड़ पेंथर ने करवाई बायालोजिकल पार्क में छुट्टी, जांच के बाद हो सकती है कुछ वनकर्मियों की छुट्टी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क के पिंजरे से पेंथर के द ग्रेट एस्केप ने पूरे महकमे की नाक में दम कर दिया है। अब तक एस्केप करने वाले पिंजरातोड़ पेंथर के पगमार्ग तक नहीं मिले हैं। संभावना है कि अंदर ही कहीं बायोलोजिकल पार्क में है तो संभावना यह भी है कि करंट के तार वाली फेंसिंग को द ग्रेट जंप लेकर वह पार कर गया हो और अपनी आजादी का आनंद उठा रहा हो। ऐसे में सांसें थमी हुई है कि कहीं हमला न कर दे। कहीं सज्जनगढ़ के आस पास ही विचरण करते हुए किसी टूरिस्ट की जान खतरे में ना डाल दें। सवाल हजारों उठ रहे हैं मगर उससे बड़े सवाल तो उस सिस्टम के हैं जिसमें बेसिक्स भी क्लीयर नहीं है। पिंजरे को चेक तक नहीं किया जा रहा है। लोग कह रहे हैं कि हद है, पिंजरा तोड़कर पेंथर आखिर भाग कैसे सकता है। यह दिमाग पर बहुत वक्त तक बहुत जोर देने के बाद भी लोगों को हजम नहीं हो रही है कि आखिर ऐसा हो कैसे गया। वनकर्मी पार्क के अंदर वन-वन और पत्ता-पत्ता, बूंटा-बूंटा उसकी तलाश कर रहे हैं। उनको इस बात का डर सता रहा है कि कहीं उन पर ही छिपकर हमला न कर दे। पिंजरा तोड़ पेंथर ने आज बायोलॉजिकल पार्क में टूरिस्ट की एंट्री बंद करवाते हुए अवकाश करवा दिया है। 24 घंटे बीतने आए हैं मगर चतुर पेंथर हाथ ही नहीं आ रहा है। अब करते हैं पिंजरे से भागे पेंथर की भागने की स्टोरी का पोस्टमार्टम। उदयपुर में शहर से सटे लखावली गांव से सटी पहाड़ी से मंगलवार शाम को 7 बजे इस पेंथर को पकड़ कर बायोलोजिकल पार्क लाया गया था। रात में हुआ यह कि वनकर्मी अपनी लापरवाही से उस पेंथर को पिंजरे में छोड़कर चलते बने। यहां से बायोलोजिकल पार्क में सब कुछ इल्लोजिकल होना शुरू हो गया। सुबह वापस लौट कर जब देखा तो पेंथर पिंजरे में था ही नहीं। वनकर्मियों का माथा ठनक गया कि आखिर कैसे हो सकता है। इतनी बड़ी लापरवाही को को उन्होंने तुरंत मैनेज करना शुरू कर दिया। दरअसल पेंथर को पकड कर लाने के बाद उसको वहां पर मौजूद पहले से लगाए गए पिंजरों में तुरंत ही शिफ्ट किया जाता है। जैसे कि इमरजेंसी से किसी पेशेंट को वार्ड में शिफ्ट किया जाता है। यहां पर लापरवाही यह बता रहे हैं कि लखावली गांव से रात को पार्क में लेकर आए पेंथर को अगले दिन तक भी उसी पिंजरे में रहने दिया गया यह समझते हुए कि पिंजरा ही तो है, भागेगा कहां। लेकिन यहां गलती हो गई व उसे द ग्रेट एस्केप का मौका मिल गया। इसके अलावा सबसे बड़ी बात यह हो गई कि जिस पिंजरे से उसको लाखावली से लाया गया उसमें ऐसा क्या लोचा था कि पेंथर भाग गया। तो बताया जा रहा है कि पिंजरी का एक हिस्सा कमजोर था जो पेंथर की चोट को सहन नहीं कर पाया। जब पिंजरे की हालत ऐसी थी तो सोचिये कि उसको लखावली से पार्क तक लाना कितना रिस्की था। रास्ते में ही पेंथर अपनी सूझबूझ से कमजोर हिस्से को चोट देकर भागता तो वह हमलावर हो सकता था। मतलब वनकर्मी ऐसा लगता है कि पेंथर के पिंजरे को भी चूहे पकड़ने का पिंजरा समझ बैठे थे। यहां से उठाया और वहां पर रख दिया। बिना उसकी जांच किए हुए जो कि हर बार नियमानुसार उन्हें हर हाल में करनी ही होती है। उसकी गुणवत्ता को जांचने वालों पर अब गाज गिरेगी लेकिन बड़े अधिकारी नपेंगे यह मुश्किल ही है। एक और फेवरेबल कंडीशन कही जा सकती है कि कल मंगलवार होने से पूरा पर्का ही बंद था। अगर वर्किंग डे होता तो मुसीबत हो जाती। यदि पेंथर भूख के मारे किसी पर हमला कर देता व किसी की जान ले लेता तो खामख्वाह उस पर आदमखोर होने का टैग लग जाता। अब इस मामले को उपर के स्तर पर मैनेज करने के प्रयास हो रहे हैं। अंदर ही अंदर एस्केप रूट तैयार किया जा रहा है ताकि अधिकारियों को बचाया जा सके और जनता के सामने कोई ऐसी स्टोरी प्लांट की जा सके जिस पर वो यकीन कर सके, जैसा कि कई बार पुलिसवाले फिल्मी कहानियां गढ़ते हैं। इस पेंथर का भागना इसलिए भी गंभीर बात है क्यांकि अभी आदमखोर का खतरा टला नहीं है। आदमखोर शब्द का अब तक एक भी बार वन विभाग की ओर से प्रयोग नहीं किया गया है। मीडिया व जनता की अदालत में ही यह शब्द घूम रहा है। यदि जो कथित आदमखोर मारा गया वह आदमखोर नहीं हुआ तब क्या होगा और यदि भागा हुआ आदमखोर हुआ तब क्या होगा? अब बताया जा रहा है कि सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क की तारबंदी मजबूत है, उसमें करंट भी छोड़ा गया है। लेकिन वह इतनी उंची नहीं है कि पेंथर अपनी द ग्रेट एस्केप वाली छलांग से पार न कर सके। पेंथर बड़ा ही चालाक जानवार है, वह पेड़ पर चढ़कर दूरियां घटाते हुए फेंसिंग पार कर सकता है। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहे हैं कि तत्काल पेंथर को पकड़ने के लिए क्या रणनीति है। इसके अलावा अब लोग यह भी कहने लगे हैं कि पेंथर जो आदमखोर कह दिया गया था उसको पकड़ने के लिए अब तक किना खर्चा हो चुका है, यह भी जनता की अदालत में सामने आना ही चाहिए ताकि पता चल सके कि जनता के जेब से रोज कितना पैसा जा रहा है। यदि वन विभाग के ऐसे ही ढर्रे रहे तो फिर तो हो गया पहाड़ों का संरक्षण और वन्यजीवों रखवाली। जनता को भी जागरूक हो जवाब मांगने जरूर चाहिए।

सलूंबर से सीपीआईएमएल (लिबरेशन) के शंकरलाल मीणा ने किया नामांकन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आज सलूंबर उप चुनाव के लिए सीपआईएमएल लिबरेशन के शंकरलाल मीणा ने नामांकन किया। उन्होंने अपने शपथ पत्र में बताया है कि उनके और उनकी पत्नी के बैंक अकाउंट में जीरा बैलेंस है। उनके पास हाथ में नकदी 8500 रूपए व पत्नी के हाथ में नकदी 2200 रूपए है। इनके पास 2019 मॉडल की होंडा बाइक है। इनके खुद के पास कोई ज्वैलरी नहीं है मगर पत्नी के पास 1 किलो 10 ग्राम चांदी है। साथ ही 2.30 ग्राम सोने के आभूषण है। इनकी शिक्षा आठवीं पास है जो राजकीय सीनियर सेकण्डरी स्कूल झल्लारा से पास की है।

शिव विधायक भाटी हाजिर हों, उदयपुर में 14 को पेशी, गिरफ्तारी वारंट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। लगातार पेशियों पर गैर हाजिर चल रहे बाड़मेर जिले के शिव विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के खिलाफ उदयपुर कोर्ट ने महामारी एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने 16 अगस्त, 2021 को शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटीए, अरविंद सिंह पावटा और देवेन्द्र सिंह ने कोरोना काल के दौरान ढाई सौ छात्रों के साथ कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया था। उस दौरान धारा 144 का उल्लंघन किया था। इनके खिलाफ भूपालपुरा थाने में महामारी व आपादा प्रबंधन के तहत मामला दर्ज किया गया। विधायक भाटी लगातार इस मामले में कोर्ट की पेशी पर गैर हाजिर चल रहे थे। इससे पहले भी एक बार कोर्ट ने एक हजार की कोस्ट पर मौका दिया मगर फिर भी वे नहीं आए। इस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रमांक-2 शहर दक्षिण की पीठासीन अधिकारी ने विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के जमानत मुचलके जब्त कर सीआरपीसी की धारा-446 की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक भाटी को 14 नवंबर तक न्यायालय में पेश करने के आदेश दिए हैं।

सुविवि से मिली भूपेन्द्र को पीएचडी की उपाधि



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के शोधार्थी भूपेन्द्र मेघवाल को विद्या वाचस्पति (ची. क्.) की उपाधि प्रदान की गई है। भूपेन्द्र ने 'उत्पीड़ित अनुसूचित जाति की महिलाएं तथा पारिवारिक न्यायालय की भूमिका (उदयपुर जिले का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन)' विषय पर शोध कार्य सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष और समाजशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. पी.एम. यादव के निर्देशन में पूरा किया है ।

आयुर्वेद विभाग द्वारा पिलादर में डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी दी गयी



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर। आयुर्वेद विभाग उदयपुर के निर्देशानुसार धनवंतरी सप्ताह के दूसरे दिन राजकीय आयुर्वेद औषधालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिलादर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिलादर के बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. प्रियंका जैन ने बताया की विधार्थियो डेंगू बुखार जो अभी बहुत अधिक फैल रहा है उससे बचाव के लिए किन-किन सावधानियां को अपनाना चाहिए, शरद ऋतु मे किस प्रकार का खान पान लेना चाहिए, आयुर्वेद के अनुसार कैसी दिनचर्या होनी चाहिए, बच्चों को स्मरण शक्ति बढ़ाने के उपायो के विषय मे विस्तृत जानकारी दी गयी. योग प्रशिक्षक दिनेश रेबारी द्वारा बच्चों को योग करने के नियमो की विस्तार से जानकारी दी गयी।

रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ लक्षिता नागदा मिस फ्रेशर व खुशी टांक मिस फेयरवेल बनी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 23 अक्टूबर, 2024। भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय की कन्या इकाई में तीनों संकायों की विद्यार्थियों के लिए मिस फ्रेशर व मिस फेयरवेल का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देते हुए अपने बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया और मिस फ्रेशर व मिस फेयरवेल का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ. प्रेम सिंह रावलोत ने विद्यार्थियों को उद्बोधन देते हुए कहा कि फ्रेशर के माध्यम से नवागंतुक विद्यार्थियों का परिचय अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों के साथ होता है वहीं फेयरवेल का आयोजन अपने वरिष्ठ साथियों के साथ मेल मिलाप और विदाई के लिए होता है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के मध्य आपसी समझ और सौहार्द का संबंध और वातावरण बनता है। छात्र कल्याण सहअधिष्ठाता डॉ. माधवी राठौड़ ने बताया कि विद्यार्थियों ने विभिन्न चक्रों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कार्यक्रम को रंगारंग व जानदार बना दिया। भारतीय और वेस्टर्न पोशाकों के संयोजन से वातावरण एक नवीन कलेवर में दिखाई दे रहा था। आयोजन समिति के समन्वयक डॉ पंकज मरमट, डॉ राजराजेश्वरी सारंगदेवोत व डॉ मोनिका राजावत ने बताया कि मिस फ्रेशर का खिताब लक्षिता नागदा ने व मिस फेयरवेल का खिताब खुशी टांक ने अपने नाम किया। मिस फ्रेशर प्रथम रनरअप पायल पटेल व द्वितीय रनरअप रुचिता सोनाव बनीं। मिस फेयरवेल प्रथम रनरअप कृष्णा गहलोत व द्वितीय रनरअप अनुशा शर्मा रहीं। विद्यार्थियों ने उल्लास व उमंग के साथ प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। बतौर निर्णायक के रूप में डॉ.निभा बोहरा, प्रियंका अर्जुन व वी कंगवली ने विजेताओं का चयन किया। इस अवसर अतिथिगण, महाविद्यालय संकाय सदस्य एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

कार की टक्कर से 11 साल के मासूम की मौत:स्कूल जाते समय हुआ हादसा

24 न्यूज अपडेट

आमेट में तेज रफ्तार कार ने स्कूली जा रहे 11 साल के मासूम को टक्कर मार दी। जिससे मासूम गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग घायल बच्चे को राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना आईडाणा पंचायत के बांडा गांव में आज सुबह 9 बजे की है।

ग्रामीण गोटू सिंह ने बताया कि किशन (11) पुत्र जगदीश ओड रोजाना की तरह सुबह 9 बजे स्कूल पढ़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान केलवा रोड से आ रही एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने किशन को टक्कर मार दी।जिसके बाद कार चालक मौके से फरार हो गई। हादसे में किशन के सिर में गहरी चोट लगने के बाद लहुलुहान हालत में बच्चे को वेन के माध्यम से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।


बता दें कि किशन अपने परिवार में 2 भाई और पांच बहनों में सबसे छोटा था। पिता बड़ी मुश्किल से मजदूरी करके अपना घर चलाते है।

अज्ञात कारणों से टेंट गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर के सरोदा थाना क्षेत्र के सरोदा गांव में गोपाल चौक पर स्थित एक टेंट के गोदाम में मंगलवार रात आग लग गई। सागवाड़ा से मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया, लेकिन तब तक आग से सारा सामान जलकर खाक हो गया। जिसके चलते व्यापारी को लाखों का नुकसान पहुंचा है। सरोदा गांव निवासी भगवती पाठक का गांव में टेंट का काम है। गांव के गोपाल चौक में उसका टेंट का गोदाम था। जहां पर लाइट का कनेक्शन भी नहीं था, लेकिन बीती रात अज्ञात कारणों के चलते गोदाम में आग लग गई। गोदाम से आग की लपटे उठती देख गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोग पानी के बर्तन लेकर दौड़े, लेकिन आग की लपटे बढ़ती गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना सरोदा थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना के करीब 45 मिनट बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक आग से गोदाम में रखा टेंट का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग से व्यापारी को लाखों का नुकसान पहुंचा है।

बेंगलुरु में बारिश से 7 मंजिला इमारत ढही, 7 मौतें:सिर्फ 4 मंजिल बनाने की इजाजत थी, मालिक और ठेकेदार हिरासत में लिए गए



24 न्यूज अपडेट

बेंगलुरु. कर्नाटक में भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में 22 अक्टूबर को एक अंडरकंस्ट्रक्शन इमारत ढह गई। बाबूसापाल्या इलाके में इमारत ढहने के बाद छह और शव बरामद किए गए हैं। इसके बाद हादसे में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। मलबे में 21 लोग फंसे हुए थे, 22 अक्टूबर की रात एक मजदूर का शव मिला था। 13 मजदूर बचा लिए गए हैं और छह घायल हैं।

एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया- बिल्डिंग मालिक भवन रेड्डी और ठेकेदार मुनियप्पा को हिरासत में ले लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि बिल्डिंग में सिर्फ चार मंजिलें बनाने की इजाजत थी लेकिन लेकिन सात मंजिलों बनाई जा रही थीं।

NDRF की टीम ने मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए रातभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। बुधवार सुबह डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया। मलबा हटाने के लिए टीम ने बड़ी मशीनें भी मंगवाई हैं। कर्नाटक में इस मुद्दे पर सियायत शुरू हो गई है। विपक्षी दल JDS ने कांग्रेस पर बेंगलुरु की दुर्दशा करने का आरोप लगाया है। डिप्टी CM डीके शिवकुमार ने कहा आपने देखा होगा कि दुबई और दिल्ली में क्या हो रहा है। देश के कई हिस्सों में ऐसी ही स्थिति है। हम प्रकृति को रोक नहीं सकते, लेकिन हम मैनेज कर रहे हैं।

सोने-चांदी के रेट ऑल टाइम हाई पर पहुंचे:10 ग्राम सोने की कीमत पहुंची 80800, चांदी 1700 रुपए महंगी हुई



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई अस्थिरता का असर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। दीपोत्सव का पर्व शुरू होने से पहले ही भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बुधवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 500 रुपए और चांदी की कीमत में 1700 रुपए की तेजी आई है।

इसके बाद 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़ाकर 80 हजार 800 रुपए पर पहुंच गई है। जबकि 1 किलो चांदी की कीमत एक लाख 2000 के रिकॉर्ड स्तर पर आ गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार भारतीय बाजार में दीपोत्सव तक सोने और चांदी की कीमत में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा।

सर्राफा व्यापारी अमित अग्रवाल ने बताया- वैश्विक अस्थिरता की वजह से लगातार भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में इजाफे का सिलसिला जारी है। जो दीपावली तक जारी रहेगा। इसकी वजह से 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़ाकर 85 हजार रुपए जबकि 1 किलो चांदी की कीमत बढ़कर एक लाख 5000 रुपए के ऑल टाइम हाई स्तर को भी छू सकती है। हालांकि इसके बाद कीमती धातुओं की कीमत में मामूली गिरावट आने की संभावना भी बनी रहेगी।

जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80 हजार 800 रुपए पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 75 हजार 600 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 61 हजार 200 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरेट 49 हजार रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत एक लाख 2000 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

राहत भरी खबर : हाईकोर्ट के भरोसे पर डाक्टरों ने वापस ली हड़ताल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। जयपुर में जयपुर असोसिएशन ऑफ रेसिडेंट डॉक्टर्स की ओर से प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया गया कि उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार पिछली 8 अक्टूबर से जारी हड़ताल को समाप्त कर दिया है। उदयपुर रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन की ओर से जयपुर असोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स का समर्थन करते हुए 14 अक्टूबर 2024 से 2 घंटे के लिए कुछ सेवाओं का सांकेतिक बहिष्कार एवं दिनांक 20 अक्टूबर से सम्पूर्ण कार्यबहिष्कार कर समर्थन किया जा रहा था जो की आज उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार मांगों को लेकर सचिव चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है एवं राज्य में मौसमी बीमारियों और आमजन के हित में 23 अक्टूबर रात्रि 8 बजे से यूआरडीए की ओर से जारी कार्य बहिष्कार वापस लिया जाने का निर्णय लिया गया है।

हाईकोर्ट में सुनवाई से पहले मेडिकल-कॉलेज प्रिंसिपल की तबीयत बिगड़ी, डाला स्टेंट



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। प्रिंसिपल साहब को आज खुद हड़ताल के दौरान अपना इलाज डाक्टरों से करवाना पड़ गया। कोर्ट ने उनको तलब किया और पेशी पर गए तो अचानक सीने में दर्द हो गया, स्टेंट डालना पड़ गया। रेजिडेंट्स डॉक्टरों की हड़ताल के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई थी। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल दीपक माहेश्वरी की इस दौरान तबीयत खराब हो गई। अचानक उन्होंने सीने में तेज दर्ज की शिकायत की व इसके बाद एसएमएस हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में ले जाना पड़ा। 2डी ईको, ईसीजी आदि जांच के बाद प्रिंसिपल को कैथलैब में शिफ्ट किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज किया गया। डॉ दीपक माहेश्वरी की एंजियोप्लास्टी कर एक स्टेंट डाला गया है। आपको बता दें कि रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल के मामले में हाईकोर्ट ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेकर मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल और जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) के प्रतिनिधि को तलब कर लिया। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने प्रसंज्ञान लेते हुए एडवोकेट अजय शुक्ला को तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने के लिए नियुक्त किया। दोपहर 2 बजे सुनवाई के दौरान अस्पताल प्रिंसिपल सहित अन्य अधिकारियों को व्यक्तिगत अथवा वीसी के जरिए सुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। सुनवाई के पहले कॉलेज के प्रिंसिपल को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हो गई।

जयपुर-देवली हाईवे पर हादसे वाले 5 ब्लैक स्पॉट:तीन जगहों पर बनेंगे फ्लाइओवर

24 न्यूज अपडेट

जयपुर से टोंक-देवली के लिए बने 4 लेन हाईवे पर मौजूद 5 ब्लैक स्पॉट को ठीक करने का काम अगले साल से शुरू होगा। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने इन पांच ब्लैक स्पॉट में से 3 पर फ्लाई ओवर, जबकि दो पर सर्विस लेन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य ने बताया- जयपुर जिले की सीमा में दो जगहों पर, जबकि टोंक जिले की सीमा में तीन जगहों पर इस हाईवे पर ऐसे कट और मोड़ हैं। जहां रोड एक्सीडेंट ज्यादा होते है। इन एरिया को एनएचएआई ने ब्लैक स्पॉट की सूची में शामिल किया है। इन ब्लैक स्पॉट पर एक्सीडेंट की आशंकाओं को खत्म करने के लिए यहां फ्लाई ओवर और सर्विस लेन बनाने की प्लानिंग की है।

यहां बनेंगे फ्लाइओवर

एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक जयपुर में बीलवा कट और चाकसू कट पर फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। इन फ्लाईओवर का काम अगले साल जनवरी-फरवरी से शुरू होगा। ये फ्लाइओवर करीब 500 से 600 मीटर लम्बे होंगे। इनको पूरा करने में करीब 16 से 18 माह का समय लगेगा।

पेथर जिंदाबाद : भूख से जान दे दी मगर नहीं लगने दिया आदमखोर का दाग



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। उदयपुर में जहां पेंथर पर आदमखोर होने का दाग लग गया है और एक पेंथर ने तो ग्रेट एस्केप करते हुए पिंजरा तोड़ दिया लेकिन बांसवाड़ा में एक पेंथर ने भूखों मरना स्वीकार किया लेकिन आदमखोर होना नहीं। यह साबित हो गया कि पेंथर स्वभाव से आदमखोर नहीं होते हैं। जंगल कटेंगे, पहाड़ों की महाभ्रष्ट व घूसखोर नेता व प्रशासनिक अधिकारी मिलकर हत्या करेंगे व पेंथर का इलाका उससे छीन लेंगे तब भी पेंथर हमला नहीं करेगा। वो भूखा मरना पसंद करेगा। मगर जब भूख से मरते पेंथर का इंसान से सामना हो जाएगा, तब वह उसे बहुत ही दुर्लभ परिस्थितियों में उसका शिकार बना लेगा। आज बांसवाड़ा के इस पेंथर का अंतिम संस्कार राजकीय नियमानुसार किया गया। बांसवाड़ा के घाटोल वन रेंज कार्यालय से 1 किमी दूरी पर हाईवे कि पास एक जीरा कैनाल है। आज यहां पर मादा पेंथर का शव मिला जिसने शिकार के अभाव में भूख से तड़प कर अपनी जान दे दी लेकिन आदमखोर होना स्वीकार नहीं किया। आज सुबह लागों ने पेंथर का शव देखा तो सहम गए। पास जाकर तस्दीक की ओर पुलिस व वन विभाग को सूचना दी।घाटोल रेंज कार्यालय पर मिली सूचना के आधार पर रेंजर सूर्यवीर सिंह मीणा अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रेंजर मीणा ने तुरंत एसडीएम हाबूलाल मीणा, थानाधिकारी प्रवीण सिंह सिसोदिया और पशु चिकित्सा अधिकारी रघुनाथ मठपति को सूचित किया। इसके बाद पशु चिकित्सकों और पुलिस प्रशासन की टीम बुलाई गई। पशु चिकित्सा अधिकारी मठपति ने पेंथर के मृत होने की पुष्टि की। साथ ही शव का पोस्टमॉर्टम कर दिया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया कि मादा पेंथर की उम्र 2 साल है। उसकी मौत लगातार भूखे रहने से हुई। भूख और खून में थक्के जमने के कारण हुए हार्ट फेल हो गया। वन विभाग कार्यालय में उसकी अंत्येष्टी की गई।

भीलवाड़ा में धर्म स्थल पर तोड़फोड़ के बाद पुलिस तैनात थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, बोले- आरोपी जल्द होंगे गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा. भीलवाड़ा में एक धर्म स्थल का गेट तोड़कर धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद समाज के लोग विरोध में उतर गए। लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मामला भीलवाड़ा के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र का है। बीती रात कुछ असामाजिक तत्वों ने समाज विशेष के धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ की और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी पर समाज के लोग विरोध में उतर आए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइश की। हमीरगढ़ थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया- देर रात करीब 10 से 12 बजे के बीच अज्ञात लोगों ने एक धर्म स्थल में तोड़फोड़ कर दी। देर रात मामला दर्ज कर लिया गया था। अज्ञात लोगों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नाले में मिला युवक का दो दिन पुराना शव:बदबू आने से लगी भनक, शव की पहचान करने में जुटी पुलिस



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में उदयपुर रोड पर अस्पताल मोड़ के पास वेस्ट पानी के नाले में शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम को बुलाकर शव को बाहर निकाला और अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया। मृतक के पीछे की तरह हम्माल की हुक लगी है। ऐसे में हम्माल होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस शव की पहचान करने के प्रयास कर रही है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि उदयपुर रोड पर एक शो रूम के पास वेस्ट पानी के नाले में शव मिलने की सूचना मिली थी। वहीं, शव मिलने के बाद लोगो की भीड़ जमा हो गई। सीआई भगवानलाल जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे। लोगो की भीड़ को हटाया गया। सिविल डिफेंस से ललित श्रीमाल को टीम के साथ बुलाया। डीएसपी तपेंद्र मीणा भी पहुंचे। इसके बाद शव को नाले से बाहर निकाला गया। शव एक दो दिन पुराना होने से बदबू आ रही थी। शव को अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया गया। शव की जांच के दौरान शव के पीछे की तरफ पेंट में हम्माली की हुक लगी हुई थी। इसी वजह से पुलिस मृतक के मजदूर और हम्माली का काम करने की संभावना जता रही है। पुलिस अब शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इसके बाद ही पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जाएगी।

बॉलीवुड कलाकार कंगना रनौत ने सपरिवार जेएमबी पर लिया कचौरी का स्वाद



24 न्यूज अपडेट

बॉलीवुड कलाकार आमतौर पर शूटिंग स्थल पर ही खाने एवं नाश्ते का स्वाद लेते हैं और शूटिंग के दौरान ही आम बाजार में निकलते हैं लेकिन बॉलीवुड कलाकार एवं हिमाचल प्रदेश के मण्डी लोकसभा क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने आज उदयपुर में अपने ड्राईवर से कचौरी खानें की ईच्छा जाहिर की तो ड्राईवर सीधा जेएमबी मिष्ठान पर ले आया। जेएमबी के प्रोपराइटर राकेश बजाज ने बताया कि शहर में 1964 से मिठाई के क्षेत्र में कार्यरत जेएमबी ने शहर एवं राज्य के अन्य शहरों में अपनी एक अलग पहचान बनायी है। सांसद कंगना रनौत ने जेएमबी पर आधा घ्ांटा व्यतीत कर विभिन्न प्रकार की मिठाईयों की वैरायटियों की जानकारी ली एवं उनका टेस्ट किया। टेस्ट करने के बाद मिठाई एवं कचौरी की तारीफ की। रनौत उदयपुर में अपने माता-पिता एवं अपनी बहिन के साथ उदयपुर आयी हुई है।

आमेट में पानी में डूबने से महिला की मौत:खेत में कपड़े धो रही थी, मिर्गी आने से पानी में गिरी



24 न्यूज अपडेट

आमेट. आमेट की जिलोला पंचायत के भादला गांव में पानी की कुंडी में गिरने से महिला की मौत हो गई। आमेट थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह शक्तावत ने बताया-मृतका मांगी (40)पत्नी रामनारायण जाट रोज की तरह 9 बजे अपने खेत पर काम कर रही थी। महिला आज करीबन 12 बजे कुए के पास बनी हुई कुंडी में कपड़े धो रही थी। मांगी को कभी-कभी मिर्गी का दौरा आता था। कपड़े धोते समय उसको मिर्गी का दौरा आया। जिससे वह कुंडी में गिर गई। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। खेत पर काम कर रहे एक व्यक्ति ने पानी में महिला को देखकर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उसे बाहर निकालकर अस्पताल लेकर आया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले की सूचना पर पहुंचे हेड कांस्टेबल मधुसूदन और भरत सिंह ने मौका मुआयना किया। पति की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। मामले की सूचना पीहर पक्ष को दी गई है।

बुआ को डराकर भतीजी की चेन ले भागे 3 बदमाश:महिला समूह के पैसे जमाकर लौट रही महिलाएं, सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर के सदर थाना क्षेत्र में रोहनवाड़ा के पास एक महिला के गले से चैन स्नेचिंग की वारदात हुई। बाइक सवार 3 बदमाशों ने पहले बाइक आगे लगाकर उनकी स्कूटी को रोका। पीछे बैठी महिला को डराकर साइड किया। स्कूटी चला रही महिला के गले से सोने की चैन तोड़ी। बदमाश भागते हुए महिलाओं को धमकी भी देकर गए। वारदात के बाद अब तक बदमाशों को पता नहीं चल सका है। वहीं, भागते समय बदमाशों का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

रोहनवाड़ा निवासी महेंद्र मेघवाल ने बताया कि उसकी पत्नी निशा मेघवाल अपनी बुआ शांति यादव के साथ मेताली बैंक में गई थी। महिला समूह के पैसे जमा करवाने के बाद दोनों वापस स्कूटी से घर रोहनवाड़ा जा रहे थे। गांव के पास जाते ही पीछे से एक बाइक पर 3 बदमाश आए। बदमाशों ने पहले बोला कि आपका कुछ सामान नीचे गिर गया है। उन्होंने बदमाशों की बातों पर ध्यान नहीं दिया। जिस पर बदमाशों ने उनकी स्कूटी के आगे बाइक खड़ी कर दी। स्कूटी रोकने हो तीनों बदमाश उतरे। पीछे बैठी बुआ शांति को धमकाकर साइड में खड़े होने के लिए कहा।

बदमाशों ने निशा का गला पकड़ा कर आधा तोला सोने की चैन तोड़ ली। इसके बाद बदमाशों ने चलो यहां से भागो बोलते हुए रोहनवाड़ा की ओर भागे। फिर वापस बाइक मुड़ाकर डूंगरपुर शहर की ओर भाग गए।

निशा ने बताया कि काले रंग की पल्सर बाइक लेकर बदमाश आए थे। 2 बदमाशों के मुंह बंधे थे। जबकि एक का खुला था। एक ने पहाड़ी, दूसरे ने काला और तीसरे ने लाल शर्ट पहने हुए थे। वहीं, घटना के बाद बदमाशों के भागते हुए का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिस पर पुलिस बदमाशों की बाइक और उनकी पहचान करते हुए पकड़ने का प्रयास कर रही है।

चिकित्सा विभाग ने 9 बच्चों की मौत की पुष्टि की:सरपंच बोले- अब तक 15 जानें जा चुकी; उदयपुर में डेंगू के बाद मलेरिया के मरीज बढ़े



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर में डेंगू के बाद रोगी अब मलेरिया की चपेट में आ रहे हैं। यहां डेंगू रोगियों का आंकड़ा 968 पहुंच गया है। दूसरी ओर मलेरिया रोगियों की संख्या भी 205 के करीब पहुंच गई है जो पिछले साल 22 अक्टूबर को 44 थीं। लेकिन, अभी चौकाने वाली बात यह है कि अकेले घाटा पंचायत के देवला ब्लॉक में एक ही दिन में 50 के करीब नए मलेरिया रोगी मिले है।

विभाग ने 9 बच्चों की मौत की पुष्टि की

घाटा और पाटिया इलाके के मेडिकल कैंप में चिकित्सा विभाग के 4 डॉक्टरों के अलावा आरएनटी मेडिकल कॉलेज और फोरेंसिक लैब विशेषज्ञों की मौजूदगी के बीच सैकड़ों लोग जांच के लिए पहुंचे। जहां जांच के बाद चिकित्सा विभाग ने पिछले दिनों में 9 बच्चों के मौत की पुष्टि की है।

स्थानीय ग्रामीणों ने इससे ज्यादा मौतें होने का दावा किया है लेकिन विभाग की रिपोर्ट में फिलहाल 9 मौतों की पुष्टि सामने आई है। हालांकि, विभाग इन मौतों का जिम्मेदार अकेले मलेरिया को मानने को तैयार नहीं है। विभाग का तर्क है कि ये मौतें अलग-अलग समय और जगहों पर हुई हैं। इसलिए ये कहना अभी मुश्किल है कि मौत का कारण मलेरिया या फिर अज्ञात बीमारी है। मौसमी बीमारियों से 15 से ज्यादा मौतें: सरपंच

घाटा सरपंच निकाराम गरासिया ने बताया कि अलग-अलग गांव-ढांणियों में मौसमी बीमारियों का कहर है। इन बीमारियों से बच्चों सहित बड़ों की पिछले दिनों में 15 से ज्यादा मौत हो चुकी है। चिकित्सा विभाग जल्द नहीं चेता तो मौतों की संख्या बढ़ सकती है। विभाग शिविर लगाए।

9 मौतों की हुई है पुष्टि: संयुक्त निदेशक

चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रकाशचंद्र शर्मा ने बताया कि मौसमी बीमारियों को लेकर उदयपुर में विभागीय टीमें काम कर रही हैं। विभाग के अधीनस्थों से मिली जानकारी के अनुसार मौके पर 9 मौतों की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी मौतें अलग-अलग जगहों पर और अलग कारणों से हुई। आगे भी मेडिकल टीम से सर्वे करवा रहे हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।